उद्यानों को हरा–भरा रखने के लिए पानी कि सिंचाई कटाई छटाई किया जा रहा है

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में उद्यानों की सुन्दरता बनाये रखने निरंतर पौधों की कटाई छटाई, पानी सिंचाई किया जा रहा है। आयुक्त बजरंग दुबे ने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू को निर्देश दिये है। कि नगर निगम भिलाई क्षेत्र में लगभग 150 से अधिक उद्यान है। जिसकी साफ–सफाई, झाड़ियो का कटिंग–छटिग, ट्रिमिंग, पौधो में पानी सिंचाई लगातार कराते रहे। जिससे पौधे जीवित रहे और अपने आकार में बढ़ते रहे। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में रोड किनारे, रिक्त भूमि, डिवाईडरो एवं अन्य स्थलो पर वृक्षारोपण किया गया है। जिसकी डिवाईडरो की साफ–सफाई के साथ पौधो में पानी सिचाई भी निरंतर किया जा रहा है। जिससे पौधे की सुन्दरता बनी रहे। उद्यान विभाग के कर्मचारी प्रतिदिन अलग–अलग उद्यानों एवं किये गये वृक्षारोपण वाले क्षेत्र में साफ–सफाई के साथ पानी की सिंचाई टेंकरो के माध्यम से किया कर रहे हैं। उद्यानों में बच्चे, बुर्जुग लोग सुबह शाम आते रहते है। जहां बच्चे खेलते है और बुर्जुग लोग टहलते एवं बैठने आते है। जिनको जीव जन्तु न काटे इसके लिए कीटनाशक दवाई का भी छिड़काव किया जा रहा है।वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिको से अनुरोध किये है कि पेड़–पौधो हमारे लिए बहुत उपयोगी है। इसकी देखभाल की जिम्मेदारी हम सबको लेनी पड़ेगी। जहां भी पेड़ लगे हैं जिसके घर के सामने लगे हैं। उसको ध्यान देना होगा, समय–समय पर पानी देना जानवरों से बचाना यह सब हम लोगों को जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी। उद्यानो में जाकर किसी प्रकार की गंदगी न फैलाये एवं उद्यानों को साफ–सुथरा रखे। पेड़–पौधे नहीं रहेगे तो मानव जीवन भी नष्ट हो जाएगा। इसका पुरा ध्यान रखे एवं उसकी सुरक्षा ही हमारा पहला कर्तव्य है।